<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक – 16.05.2026 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. मुख्यमंत्री के निर्देश पर पलामू के उपायुक्त पहुंचे हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एकौनी गांव, तीन अनाथ बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का दिया आदेश।
2. गयाजी परैया स्टेशन से चतरा तक नई रेलवे लाइन परियोजना को केन्द्र ने दी मंजूरी, सांसद कालीचरण सिंह ने कहा–आर्थिक और सामाजिक विकास को मिलेगी गति।
3. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने जमशेदपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का किया उदघाटन, संगठन की मजबूती पर दिया बल।
4. आकाशवाणी के गौरवशाली नब्बे वर्षों पर कई कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन, आकाशवाणी रांची की ओर से शास्त्रीय संगीत संध्या रागांजलि का हुआ आयोजन।

<u>और</u>

5. आगामी सात और आठ जून को बोकारो में राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन, तेइस वर्ष से कम आयुवर्ग के पहलवान दिखायेंगे अपना दम।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जन सरोकार के विषयों पर संवेदनशील हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर मामला संज्ञान में आने के बाद आज पलामू के उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एकौनी गांव के तीन अनाथ बच्चों को शिक्षा और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद उपायुक्त ने गांव पहुंचकर अधिकारियों को सरकारी योजनाओं से बच्चों को जोड़ने का निर्देश दिया। बताया जा रहा है कि ये तीनों बच्चे माता–पिता के गुजरने के बाद परेशानी में हैं।

***************

केंद्र सरकार ने बिहार के गयाजी परैया स्टेशन से चतरा तक नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है। चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने बताया कि रेलवे ने इसे विशेष रेलवे परियोजना घोषित किया है। इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है। श्री सिंह ने बताया कि इस परियोजना से जिले में रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी तथा क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी।

***************

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने आज जमशेदपुर में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का उदघाटन किया। इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि यह प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और राष्ट्रसेवा के मूल मंत्र से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण अभियान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं में वैचारिक दृढ़ता लाने का कार्य करेगा।

***************

प्रदेश कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राज्य के लोग मंहगाई से त्रस्त हैं। इसे लेकर आज रांची के अलबर्ट चौक के समीप पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत पार्टी के कई नेता मौजूद थे।

***************

जामताड़ा जिले में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट संकल्ति करने का कार्य चल रहा है। इस सिलसिले में एसडीएम अनंत कुमार ने आज पलाजोरी में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

***************

राजधानी रांची स्थित राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, रिम्स में आज एमबीबीएस के एक छात्र ने आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही अन्य छात्रों और हॉस्टल प्रबंधन ने कमरे का दरवाजा तोड़कर छात्र को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। रिम्स के निदेशक डॉ0 राजकुमार ने इस घटना पर गहरा दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि डिप्रेशन से बचने के लिए संस्थान में जल्द ही मोटिवेशनल क्लास शुरू किए जाएंगे।

***************

होमगार्ड नियुक्ति परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर रांची में आज अभ्यर्थियों की ओर से पदयात्रा निकाली गई। जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में निकली यह पदयात्रा मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से शुरू हुई और समाहरणालय के मुख्य द्वार पर सभा में तब्दील हो गई। इस मौके पर श्री महतो ने अविलंब परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग की।

***************

आकाशवाणी के गौरवशाली नब्बे वर्षों के उपलक्ष्य में आकाशवाणी रांची की ओर से आज शास्त्रीय संगीत संध्या रागांजलि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सितार वादक पंडित मोर मुकुट केडिया, सरोद वादक पंडित मनोज कुमार केडिया और तबला वादक श्रीजीत चटर्जी ने अपनी प्रस्तुति दी। इस मौके पर पद्मश्री मधुमंसुरी हंसमुख और आकाशवाणी रांची केंद्र के उपमहानिदेशक अभियंत्रण डीसी हेम्ब्रम समेत कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

***************

झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक रौशन ने आज रामगढ़ व्यवहार न्यायालय परिसर में वल्नरेबल विटनेस डिपोजिशन सेंटर और मुख्य प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान न्यायमूर्ति रौशन ने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया।

***************

देवघर में नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जिले के पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने बताया कि जसीडीह थाना क्षेत्र में छापेमारी के क्रम में मादक पदार्थों के छह तस्कर गिरफ्तार किये गये हैं। उन्होंने बताया कि तस्करों के पास से करीब बीस किलोग्राम गांजा, मोबाइल, दोपहिया वाहन, नकदी और अन्य सामान जब्त किये गये हैं।

***************

धनबाद पुलिस ने धनसार थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुई एक हत्या मामले का खुलासा कर लिया है। जिले के नगर पुलिस अधीक्षक ऋत्विक श्रीवास्तव ने आज प्रेसवार्ता में बताया कि इस हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पत्थर, मोबाइल और अन्य सामान जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

***************

देश भर में आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य इस बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर गुमला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. शम्भूनाथ चौधरी ने बताया कि डेंगू संक्रमित मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलने वाली गंभीर बीमारी है, जिससे सतर्कता और साफ–सफाई के माध्यम से आसानी से बचाव किया जा सकता है।

***************

राज्य के कई इलाकों में इक्कीस मई तक जहां बारिश के आसार हैं, वहीं कुछ इलाकों में बाइस मई तक आंधी और वज्रपात की आशंका है। मौसम विज्ञान केन्द्र के पूर्वानुमान के मुताबिक राज्य में फिलहाल तापमान में वृद्धि और कमी का दौर जारी है। रांची समेत राज्य के सभी जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे चल रहा है। आने वाले पांच दिनों के दौरान तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है।

***************

राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन आगामी सात और आठ जून को बोकारो में आयोजित किया जायेगा। तेइस वर्ष से कम आयुवर्ग की इस प्रतियोगिता में वर्ष दो हजार तीन से दो हजार सात तक के सभी पहलवान मेडिकल सर्टिफिकेट अथवा पैरेंटल सर्टिफिकेट के साथ भाग ले सकते हैं।

*********समाप्त*********